NBT
नवभारत टाइम्स
By THE TIMES OF INDIA

Video: पटना में नकली पाइप फैक्ट्री का खुलासा, ऐसे लगा रहे थे 'प्रिंस' को चूना




पटना: असली पाइप निर्माण कंपनी प्रिंस के अधिकारियों ने बिहटा के लेखन टोला में चल रही नकली पाइप निर्माण फैक्ट्री में मंगलवार को धावा बोल दिया। यह नकली फैक्ट्री नकली पाइप बनाकर ब्रांड प्रिंस के नाम पर बेच रही थी। मिली जानकारी के मुताबिक बिहटा के सोन किनारे लेखन टोला गांव में प्रिंस कंपनी की पाइप बनाकर बाजार में बेची जा रही थी। इसकी भनक असली प्रिंस कंपनी को लग गई। इसके बाद कंपनी के अधिकारियों ने स्थानीय थाने की मदद से लेखन टोला में छापेमारी कर नकली प्रिंस कंपनी के स्टोर रूम से काफी मात्रा में नकली पाइप बरामद किया। काफी संख्या में नकली पाइप बरामद होने के बाद पुलिस ने फैक्ट्री को सील कर दिया है। हालांकि नकली पाइप निर्माण फैक्ट्री के मालिक को पुलिस के आने की भनक लग चुकी थी। वह छापेमारी की कार्रवाई शुरू होने से पहले ही फरार हो गया। जांच के दौरान पता चला कि भोजपुर निवासी हरेंद्र कुमार उपाध्याय इस फैक्ट्री का संचालन करता है। इसके बाद स्थानीय थाने की सहायता से पुलिस ने फैक्ट्री में पहुंचकर छापेमारी की कार्रवाई की। इस कार्रवाई में 500 से अधिक नकली पाइप बरामद किया गया जो प्रिंस के नाम से बन रहे थे। इस मामले में पुलिस ने फैक्ट्री में काम कर रहे दो मजदूरों को हिरासत में लिया है।

Source: https://navbharattimes.indiatimes.com/state/bihar/patna/bihar-fake-pipe-company-busted-by-original-company-management-and-police-in-bihat-patna/videoshow/122064283.cms